संख्या–**cm-05**
01/01/2021

मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक की

मुख्यमंत्री के निर्देश–

- ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए लगातार स्पेशल ड्राइव चलायें।
- वाहनों से संबंधित प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी जरूरी उपाय करें।

पटना, 01 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में परिवहन विभाग की समीक्षा की। परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण में ट्रांसपोर्ट रेवेन्यु, ग्राम परिवहन योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में बस स्टॉप का निर्माण, वाहनों का पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों की परमिट, व्हिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पोल्यूशन कंट्रोल तथा सड़क दुर्घटना से बचाव के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। परिवहन सचिव ने गत वर्षों में परिवहन विभाग द्वारा उठाये गये नवाचार प्रयोगों एवं प्रगतिशील कदमों की जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए लगातार स्पेशल ड्राइव चलायें। वाहनों से संबंधित प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी जरूरी उपाय करें। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग परीक्षण के पूर्व लोगों को ड्राइविंग के संबंध में प्रशिक्षित किया जाय। प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षण के लिये प्रोत्साहित करें। सभी जिलों में टेस्टिंग सेंटर बनाई जाए। वाहनों के फिटनेस पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि वाहनों से होने वाले दुर्घटना के दौरान आश्रितों को मिलने वाले मुआवजे के लिए रेवोल्विंग फंड की व्यवस्था की जाय।

मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'परिवहन विभाग–एक निरंतर यात्रा' तथा परिवहन मोबाइल ऐप का लॉन्चिंग किया।

बैठक में परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

बैठक के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हम बराबर यहाँ आते रहे हैं, पुनः मेरे मन में यह बात आयी कि हम यहाँ बैठकर काम करेंगे इसलिए आज से ही हमने यह काम शुरू कर दिया है। अब सप्ताह में कम से कम एक दिन यहाँ जरुर आयेंगे और यहीं से बैठकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम तो चुनौतियों के विषय में नहीं सोचते हैं, जनता की सेवा में लगे हैं उनके सारे काम मेरे लिए महत्वपूर्ण है। पहले से कई काम किये जा रहे हैं, इसके अलावा हमलोगों ने इस बार जो काम तय किये

हैं। उन सभी चीजों को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के लिए योजना बनाकर काम किया जा रहा है। एक–एक चीज के बारे में विस्तृत चर्चा एवं सर्वेक्षण कराकर काम में तेजी लायी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार जो बजट आएगा, उसमे कई चीजों के लिए प्रावधान किया जाएगा ताकि काम को शुरू किया जा सके। हर विषय को बीच–बीच में देखते रहना पड़ता है कि जो काम हो रहा है उसमे कहीं कोई बाधा तो नहीं आ रही है। हमलोगों ने जो भी निर्णय लिया है, उसके क्रियान्वयन में कहीं कोई कठिनाई तो नहीं है। इन सभी चीजों पर सोचना और उसकी बराबर समीक्षा करना भी जरूरी होता है। मैं फिल्ड में जाकर भी सभी चीजों को देखता हूँ, जिससे निर्णय लेने में मदद मिलती है और बेहतर ढंग से काम होता है। उन्होंने कहा कि बेहतर ढंग से काम कैसे हो सकता है, इसका भी एहसास होता है। इन सब चीजों को ध्यान में रखना हमारा कर्तव्य है और जनता की सेवा करना ही हमारा धर्म है। पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई सियासी संकट नहीं है।

******